दिन– गुरूवार दिनांक– 23 / 04 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 07.30 बजे से। अवधि – 15 मिनट

---

01. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी कल विधानसभा के विशेष सत्र में विश्वास प्रस्ताव प्रस्तुत करेंगे। पूर्वाह्न ग्यारह बजे विधानसभा अध्यक्ष के संबोधन के साथ शुरू होगी सदन की कार्यवाही।

02. पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के पहले चरण की एक सौ बावन सीटों के लिए मतदान संपन्न। राज्य के सीमा क्षेत्रों– किशनगंज, पूर्णिया और कटिहार में रही कड़ी चौकसी।

03. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार छब्बीस अप्रैल को आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों से अपने विचार साझा करेंगे।

04. और, राज्य के दक्षिणी भागों में भीषण गर्मी और लू से जनजीवन प्रभावित। मौसम विभाग ने कहा – अभी गर्मी से राहत के आसार नहीं।

---

बिहार विधानसभा का एक दिवसीय विशेष सत्र कल आयोजित किया जाएगा। विधानसभा की प्रभारी सचिव पूनम सिन्हा ने एक दिवसीय सत्र की कार्यसूची जारी की है। कल पूर्वाह्न ग्यारह बजे विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम कुमार के संबोधन के साथ कार्यवाही की शुरूआत की जाएगी। एक रिपोर्ट...

––रिपोर्ट––

राज्य में नई सरकार के गठन के बाद ये सत्र विशेष माना जा रहा है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी सदन में विश्वास प्रस्ताव प्रस्तुत करेंगे। इस विश्वास मत के जरिए ही तय होगा कि सरकार को विधायकों का पर्याप्त समर्थन है या नहीं। सदन में संख्याबल को देखते हुए एनडीए दल विश्वासमत प्राप्त करने को लेकर आश्वस्त हैं। जदयू के वरिष्ठ नेता और उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा कि विश्वास प्रस्ताव आसानी से पारित होगा।

––साउंड बाइट––

विधानसभा की दो सौ तैंतालीस सीटों में से दो सौ एक सीट एनडीए के पास है। वहीं, राजद के पच्चीस, कांग्रेस के छह, वाम दलों के चार, एआईएमआईएम के पांच और बसपा के एक सदस्य मिलाकर विपक्ष के इकतालीस विधायक हैं। भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन के राज्यसभा सदस्य निर्वाचित होने के बाद उनके इस्तीफे के कारण एक सीट रिक्त है। समाचार कक्ष से निधि श्री।

---

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि भाजपा का संगठन और उसके कार्यकर्ता पार्टी की सबसे बड़ी ताकत है। श्री चौधरी पटना में पार्टी के प्रदेश कार्यालय में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान से जुड़ी एक बैठक को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि पार्टी ने अनुशासित कार्यकर्ता केंद्र और राज्य सरकार के कार्यों को लोगों तक पहुंचाने का काम कर रहे हैं।

---

तमिलनाडु की सभी दो सौ चौंतीस विधानसभा सीटों और पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव के पहले चरण में एक सौ बावन सीटों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच आज मतदान संपन्न हो गया। दोनों राज्यों में रिकॉर्ड मतदान की सूचना प्राप्त हुई है। चुनाव को देखते हुए पश्चिम बंगाल से सटे बिहार के सीमावर्ती क्षेत्रों में सघन जांच अभियान चलाया गया। किशनगंज, पूर्णिया और कटिहार जिले में सुरक्षा चौकी बनाकर आने–जाने वाले लोगों पर नजर रखी गयी। साथ ही वाहनों की आवाजाही की निगरानी भी की गयी। हमारे संवाददाताओं ने बताया है कि सुरक्षा बल अभी पूरी चौकसी बरत रहे हैं।

---

निर्वाचन आयोग ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी मामले में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को नोटिस जारी किया है। श्री खरगे ने तमिलनाडु के चेन्नई में एक संवाददाता सम्मेलन में ये टिप्पणी की थी। भाजपा प्रवक्ता शाहनवाज़ हुसैन ने कहा है कि कांग्रेस अध्यक्ष की कथित अपमानजनक टिप्पणी के लिए कांग्रेस पार्टी को भारी कीमत चुकानी पड़ेगी।

––साउंड बाइट––

मल्लिकार्जुन खरगे ने भारत के प्रधानमंत्री का भारत अपमान किया है। कांग्रेस को यह भारी पडेगा। चुनाव आयोग ने भी नोटिस दिया है कि चुनाव आयोग को उन पर एक्शन लेना चाहिए। इसमें कोई शक की गुंजाइश नही है।

---

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा है कि शिक्षा केवल ज्ञान अर्जित करने का माध्यम नहीं है बल्कि समग्र व्यक्तित्व विकास और जीवन मूल्यों को समाहित करने की निरंतर प्रक्रिया भी है। श्री बिरला ने नई दिल्ली में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज के बदलते युग में युवाओं के लिए यह आवश्यक है कि वे नवाचार, मूल सोच और प्रौद्योगिकी की दिशा में आगे बढें।

––साउंड बाइट––

अगर देश को आगे बढ़ाना है तो लोकतंत्र के संस्थाओं के अंदर भी आने वाली पीढियां की सक्रिय भागीदारी होनी चाहिए। जब हमारे बाल्यकाल से ही बच्चा नया इनोवेशन, नए अनुसंधान, नई टेक्नोलॉजी से दक्ष होगा तो निश्चित रूप से आज भी नेतृत्व करने वाला है और दुनिया में आने वाला समय भारत के नौजवानों का है।

---

केंद्रीय माध्यामिक शिक्षा बोर्ड–सीबीएसई दसवीं परीक्षा दो हजार छब्बीस का दूसरा चरण पंद्रह मई से आयोजित करेगा। यह परीक्षा वैकल्पिक है और जो विद्यार्थी पहले चरण में प्राप्त अपने अंक सुधारना चाहते हैं वे इसे दे सकते हैं। सभी उत्तीर्ण विद्यार्थी विज्ञान, गणित, सामाजिक विज्ञान और भाषाओं में से किन्ही तीन विषयों में अपना प्रदर्शन सुधारने के लिए परीक्षा दे सकते हैं। यह पहल राष्ट्रीय शिक्षा नीति दो हजार बीस के अनुरूप है। इसका उद्देश्य एक शैक्षणिक वर्ष में विद्यार्थियों को दूसरा अवसर देकर परीक्षा से जुड़े तनाव को कम करना है।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार छब्बीस अप्रैल को सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी के मन की बात कार्यक्रम में देश और विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मन की बात कार्यक्रम की एक सौ तैंतीसवीं कड़ी होगी। इसका प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के पूरे नेटवर्क, एआईआर न्यूज़ वेबसाइट और न्यूज़ ऑन एआइआर मोबाइल ऐप पर किया जाएगा। एआईआर न्यूज़, डीडी न्यूज़, प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनल पर भी इसका सीधा प्रसारण होगा। हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद क्षेत्रीय भाषाओं में भी इसे प्रसारित किया जाएगा। इसके तुरंत बाद मैथिली भाषा में इसका प्रसारण आकाशवाणी के दरभंगा केन्द्र से किया जायेगा। इसी प्रसारण को दोबारा रात्रि आठ बजे से भी सुना जा सकता है।

---

प्रदेश में भीषण गर्मी और लू का प्रकोप जारी है। पटना, गया, जहानाबाद, नालंदा, भागलपुर, जमुई और वैशाली समेत राज्य के दक्षिण– मध्य और दक्षिण–पश्चिम भागों में कई जिलों में आज भी लू की स्थिति बनी रही। प्रचंड गर्मी के कारण दिन में सड़कों पर लोगों की आवाजाही कम रही। मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार आज रोहतास का डेहरी राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा, जहां का अधिकतम तापमान तैंतालीस डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। पटना का अधिकतम तापमान इकतालीस दशमलव तीन डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि राज्य के दक्षिणी भागों में अभी गर्मी से राहत मिलने के आसार नहीं है। वहीं, कटिहार और पूर्णिया समेत राज्य के दक्षिण–पूर्व भागों में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश की संभावना है।

––साउंड बाइट––

---

केंद्र सरकार ने आज कहा कि वह पश्चिम एशिया संकट के कारण उत्पन्न स्थिति में नागरिकों को किसी भी प्रकार की असुविधा से बचाने के लिए प्रतिबद्ध है। आज नई दिल्ली में अंतर–मंत्रालयी ब्रीफिंग को संबोधित करते हुए पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि देश भर में घरेलू एलपीजी आपूर्ति सामान्य बनी हुई है। उन्होंने कहा कि तेल विपणन कंपनियों द्वारा आयोजित शिविरों के माध्यम से पांच किलो के लगभग बारह लाख सिलेंडर बेचे गए हैं।

––साउंड बाइट––

इधर, प्रदेशभर में उपभोक्ताओं को घरेलू गैस सिलेंडर की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन लगातार प्रयास कर रहा है। सिलेंडर की जमाखोरी, कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। हमारे अररिया संवाददाता ने बताया कि आज धावा दल ने पांच गैस एजेसियों पर छापेमारी की।

---

पूर्व रेलवे के मालदा मंडल अंतर्गत जमालपुर– किऊल रेलखंड पर निर्माण कार्यों के कारण छब्बीस अप्रैल को मेगा ट्रैफिक और पावर ब्लॉक लिया जाएगा। मालदा मंडल के डीआरएम मनीष कुमार गुप्ता ने बताया कि इसके कारण कई रेलगाड़ियों के परिचालन पर असर पड़ सकता है। उन्होंने बताया कि जमालपुर सहरसा पैसेंजर समेत कई सवारी गाड़ियों का परिचालन पच्चीस और छब्बीस अप्रैल को रद्द रहेगा। वहीं, मालदा टाउन–किऊल इंटरसिटी, साहेबगंज–जमालपुर मेमू, अजमेर–भागलपुर एक्सप्रेस, बांका–राजेन्द्रनगर इंटरसिटी, दुमका–पटना समेत कई रेलगाड़ियों के समाप्ति स्टेशन और परिचालन समय में परिवर्तन किया गया है।

---

भारत–नेपाल सीमा से सटे राज्य के विभिन्न जिलों में सुरक्षा व्यवस्था की उच्च स्तरीय समीक्षा की जा रही है। मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत और पुलिस महानिदेशक विनय कुमार ने इसी क्रम में आज मधुबनी जिले के जयनगर स्थित नेपाली रेलवे स्टेशन और राष्ट्रीय उच्च पथ संख्या– दो सौ सत्ताईस कमला शाखा नहर स्थित नेपाली रेलवे गुमटी का निरीक्षण किया। दोनों वरिष्ठ अधिकारियों ने एसएसबी की अड़तालीसवीं बटालियन के अधिकारियों के साथ जयनगर स्थित मुख्यालय में समीक्षा बैठक भी की।

---

बाबू वीर कुंवर सिंह विजय दिवस के अवसर पर आज पटना के वीर कुंवर सिंह आजादी पार्क में राजकीय समारोह का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने उनकी आदमकद प्रतिमा पर माल्यापर्ण कर उनके योगदानों को याद किया। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी और बिजेन्द्र प्रसाद यादव भी उपस्थित थे। विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार ने बाबू वीर कुंवर सिंह को श्रद्धांजलि देते हुए उनके योगदानों को याद किया। भोजपुर स्थित जगदीशपुर किला में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। वहीं, आरा के रमना मैदान में जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया और पुलिस अधीक्षक राज ने बाबू वीर कुंवर सिंह की प्रतिमा पर माल्यापर्ण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

---

रोहतास के जिलाधिकारी उदिता सिंह ने काराकाट अंचल में चल रहे पटना–आरा–सासाराम कॉरिडोर के निर्माण कार्य का स्थल निरीक्षण किया। उन्होंने कार्य में धीमी प्रगति को लेकर नाराजगी जताई और अधिकारियों को निर्देश दिये।

---

शेखपुरा जिले के अरियरी थाना क्षेत्र अंतर्गत तेलडीह गांव में छापेमारी कर पुलिस ने दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक से ऋण लेकर वापस नहीं करने के आरोप में वांछित अदालत यादव उर्फ सूर्य नारायण यादव को गिरफ्तार कर लिया।

---

गंभीर हृदय रोग से पीड़ित सारण जिले के पांच बच्चों का मुख्यमंत्री बाल हृदय योजना के तहत मुफ्त इलाज कराया जाएगा। सिविल सर्जन डॉक्टर राजकुमार चौधरी ने बताया कि अहमदाबाद के एक अस्पताल में इनका ऑपरेशन होगा।

---

कटिहार जिला कांग्रेस के अध्यक्ष सुनील कुमार यादव ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने अपना इस्तीफा प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार को भेज दिया है।

---

स्वतंत्रता सेनानी और पूर्व प्रधानाध्यापक भुनेश्वर प्रसाद सिंह की सैंतालीसवीं पुण्यतिथि पटना जिले के बाढ़ अनुमंडल अंतर्गत अथमल गोला में मनाई गयी। इस अवसर पर गणमान्य लोगों और उनके परिजनों ने पुष्पांजलि अर्पित कर उनके योगदान को याद किया।

---

गोपालगंज के आम्बेडकर भवन में सामाजिक अधिकारिता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में राष्ट्रीय व्योश्री योजना के तहत दिव्यांगजनों और वरिष्ठ नागरिकों के बीच सहायक उपकरणों का वितरण किया गया।

---

अररिया के जिलाधिकारी विनोद दूहन ने जिले में चल रही जनगणना के तहत स्व–गणना प्रक्रिया की समीक्षा की। बैठक में जिला स्तरीय जनगणना समिति के सदस्य और अन्य पदाधिकारी शामिल हुए।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी कल विधानसभा के विशेष सत्र में विश्वास प्रस्ताव प्रस्तुत करेंगे। पूर्वाह्न ग्यारह बजे विधानसभा अध्यक्ष के संबोधन के साथ शुरू होगी सदन की कार्यवाही।

02. पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के पहले चरण की एक सौ बावन सीटों के लिए मतदान संपन्न। राज्य के सीमा क्षेत्रों– किशनगंज, पूर्णिया और कटिहार में रही कड़ी चौकसी।

03. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार छब्बीस अप्रैल को आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों से अपने विचार साझा करेंगे।

04. और, राज्य के दक्षिणी भागों में भीषण गर्मी और लू से जनजीवन प्रभावित। मौसम विभाग ने कहा – अभी गर्मी से राहत के आसार नहीं।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।